Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# बिजली नहीं होने के कारण कंप्यूटर बन गए शोपीस

जिम्मेदार कौन

## जिला अस्पताल में बिजली गुल, पर्ची बनाने में व्यवधान

**संवाददाता**

बागेश्वर। ठंड बढ़ने के साथ ही मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल में सोमवार को बिजली नहीं थी। जिसके कारण पर्ची नहीं कट पाई। जनरेटर भी नहीं चल सका। जिस कारण जिला अस्पताल आए लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। डाक्टरों ने रोगियों की भीड़ के बावजूद उन्हें देखा और जरूरी टिप्स भी दिए।

सोमवार को जिला अस्पताल में लगभग पांच सौ से अधिक ओपीडी हुई। बिजली नहीं होने के कारण कंप्यूटर शोपीस बन गए। लोगों की भीड़ पर्ची काउंटर से आगे नहीं बढ़ पा रही थी। जबकि डाक्टर अपने कक्ष में बैठे हुए थे। बाद में हाथ से पर्ची काटकर लोगों को दी जाने लगी। उसके बाद उन्हें उपचार मिला। वहीं ठंड होने



के कारण रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। अधिकतर रोगी पेट दर्द, बुखार, खांसी, अस्थमा आदि के थे। डा. राजीव उपाध्याय ने कहा कि ठंड से लोगों को बचाव करना है। हरी सब्जियां खानी हैं। बासी भोजन नहीं खाना है। गरम पानी पीना है और शरीर को ढक कर रखना है। इधर, सीएमएस विनोद कुमार टम्टा ने कहा कि अस्पताल में दवाइयों की कोई कमी नहीं है। बिजली के कारण कुछ समय के लिए पर्ची काटने में व्यवधान रहा। जिसे दुरुस्त करा लिया गया है। जनरेटर भी काम करने लगा है।

**जिला अस्पताल में हुए आपरेशन**

जिला अस्पताल में नेत्र विभाग ने पिछले दो दिनों से मोतियाबिद के आपरेशन शुरू किए हैं। अब तक लगभग 50 लोगों के सफल आपरेशन हो गए हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। टीम में डा. एसपी त्रिपाठी, डा. प्रमोद, प्रदीप रावत आदि शामिल हैं।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने संसद पर हुए आंतकी हमले में शहीद हुए लोगों को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी और राज्य प्राप्ति वरिष्ठ आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती ने आज ही के दिन संसद पर हुए आंतकी हमले में शहीद हुए लोगों को याद किया। स्मरण रहे कि सन 2001 में संसद के अंदर आंतकवादियो ने हमला किया था जिसका मुंह तोड़ जवाब सुरक्षाकर्मी लोगों ने दिया और अंतक वादियों को मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन वह संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को देश के लिए न्योछावर कर गए थे देश सदैव उनका ऋणी रहेगा शहीदों को इस अवसर पर याद करने वालों में प्रभात डंडरियाल,आरिफ वारसी ,राम सिंह प्रधान ,प्रदीप कुकरेती ,नवनीत गोंसाई, विपुल नोटियाल,सुशील विरमानी, खंडूरी आदि शामिल रहे।

### शिक्षक के मकान से चोरों ने उड़ाया हजारों रुपये का माल

**संवाददाता** रुड़की। चोरों ने शिक्षक के बंद मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान समेट लिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुर निवासी विशाल गैर जनपद के इंटर कॉलेज में शिक्षक है। उन्होंने सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के देव एन्क्लेव कलोनी में उन्होंने मकान का निर्माण कराया है। मकान में अभी उन्होंने रहना शुरू नहीं किया है। रविवार की रात को चोरों ने मौका पाकर मकान पर लगा ताला तोड़ दिया। चोरों ने मकान मूं लगी पानी की टोंटिया, और अन्य सामान समेट लिया। करीब 60 हजार रुपये कीमत का सामान समेटकर चोर फरार हो गये। सोमवार की सुबह जब पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा देखा तो इसकी जानकारी शिक्षक को दी।

### बीएमडब्ल्यू के प्रथम इलेक्ट्रिक ऑल–व्हील ड्राइव वेहिकल का भारत में आगमन

**संवाददाता** देहरादून। पहली बीएमडब्ल्यू आईएक्स को आज भारत में लॉन्च किया गया बॉर्न इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आईएक्स वाहन बीएमडब्ल्यू ग्रुप की नई टेक्नोलॉजी फ्लैगशिप है यह पहली बीएमडब्ल्यू है जिसके पदनाम में कोई संख्या सूचक चिन्ह नहीं है आईएक्स प्रथम बीएमडब्ल्यू इलेक्ट्रिक ऑल.व्हील ड्राइव वेहिकल यस्पोर्ट्स ऐक्टिविटी वेहिकलद्ध का प्रतीक है। यह बड़ी सहजतापूर्वक शून्य –उत्सर्जन के साथ प्रीमियम मोबिलिटी, स्पोर्टिंग फुर्ती और लग्जूरिअस जगह के साथ लम्बी रेंज को संयोजित करती है। बॉर्न इलेक्ट्रिक, यह अपने संपूर्ण जीवनचक्र में प्रोडक्शन से लेकर उपयोग और अंत तक सस्टेनेबिलिटी के सिद्धान्तों को आत्मसात करती है, और प्राकृतिक और पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों का व्यापक उपयोग करती है।

## डीएम ने शक्तिफार्म में बूथों का लिया जायजा

**संवाददाता** शक्तिफार्म। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी युगल किशोर पंत ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ के किए कार्यो की चेकिग की। साथ ही मतदान केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। डीएम पंत ने सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवनगर के निरीक्षण के दौरान बूथों पर दिव्यांगों के लिए रैंप निर्माण कराने के निर्देश दिए। निर्धारित आयु पूर्ण करने वाले किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित न रहे। ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनका नाम हटाने का कार्य भी शुद्धता से किया जाए। उन्होंने मतदान दिवस पर बूथों के बाहर टेंट की व्यवस्था करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मध्याह्न भोजन सहित आधारभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। बीएलओ स्नेहलता मल्लिक ने बताया कि वह प्रारूप–6 के 46 व प्रारूप–8 के 7 फार्म भरवाए हैं। बीएलओ रेवती देवी द्वारा प्रारूप–6 के 45 व प्रारूप–8 के 7 तथा शर्मिला सरकार द्वारा प्रारूप–6 के 38 व प्रारूप–8 के 16 फार्म भरवाए गए हैं। डीएम पंत नेमतदान केंद्र अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में चेकिग के दौरान दिव्यांग एंव वृद्धजनों के लिए कम ढलान वाला एक रैंप तैयार कराने के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए।



## मेडिकल स्टोर पर विभाग का छापा

**संवाददाता** मंगलौर। औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने सोमवार को एक मेडिकल स्टोर पर छापे के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की हैं। बरामद दवाओं का कोई ब्योरा मेडिकल स्टोर स्वामी नहीं दे पाया है। टीम की कार्रवाई देख मामले से जुड़े दो आरोपित फरार हो गए, जबकि एक को टीम ने हिरासत में ले लिया है। विभाग की इस कार्रवाई से अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में भी हड़कंप की स्थिति रही। इसके चलते कई मेडिकल स्टोर बंद हो गए। औषधि नियंत्रण विभाग को सूचना मिली थी कि कस्बे के लालबाड़ा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाएं बेची जा रही हैं। मेडिकल स्टोर पर सोमवार को नशे की दवाओं की कोई खेप भी आ रही है।

## आपदा पीड़ितों ने विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का लिया निर्णय

**संवाददाता** पुरोला। मोरी ब्लाक के आराकोट क्षेत्र के आपदा पीड़ितों ने विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। टिकोची में आयोजित बंगाण संघर्ष समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि किसी भी व्यक्ति को चुनावी लाभ के उद्देश्य से क्षेत्र में प्रवेश नही करने दिया जाएगा और क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति यदि किसी भी पार्टी या राजनेता का साथ देते हुए क्षेत्र में किसी भी प्रकार की चुनावी गतिविधियो में भाग लेता है तो उस व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।

आराकोट क्षेत्र के आपदा पीड़ित गत दो वर्षो से क्षेत्र की विभिन्न मांगो को लेकर आंदोलनरत है। आपदा पीड़ितों का कहना है कि



आपदा को आए हुए दो वर्ष से अधिक का समय हो गया है लेकिन इतनी बड़ी आपदा में भी क्षेत्र में कोई भी कार्य नही किया गया। मोटर मार्ग,पुल,सिंचाई नहर एवं पेयजल योजना की स्थिति वैसे ही बनी हुई है जैसे आपदा के समय थी। क्षेत्र के लिंक मार्ग तक नही खोले गए है। आपदा से सैकड़ो सेब बाग तहस नहस हो गए थे लेकिन आपदा पीड़ितो को राहत राशि के नाम पर एक हजार से लेकर सात हजार के चेक देकर इतिश्री कर दिया गया। पात्र लोगों का सही मूल्यांकन नही किया गया। क्षेत्र के लोग आपदा से तहस नहस हुए मोटर मार्ग, सिंचाई नहर,पेयजल योजनाओ का निर्माण करने के साथ ही आपदा पीड़ितों को कृषि भूमि हेतु सरकारी पट्टे पर जमीन देने,कास्तकारो का केसीसी ऋण माफ करने एवं उचित मुआवजा देने की मांग हेतु गत दो वर्षो से आंदोलनरत है इस मांग को लेकर बंगाण संघर्ष समिति के पदाधिकारी कई बार जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री को भी मिल चुके है लेकिन कोई भी कार्रवाई न होने पर आपदा की बरसी के अवसर पर दो बार काला दिवस मनाने के साथ ही कई बार धरना प्रदर्शन भी कर चुके है।

## राष्ट्रीय ब्राह्मण महासम्मेलन नई दिल्ली में 9 जनवरी कोः पं.वशिष्ठ'

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारत वर्षीय श्री चौरसिया ब्राह्मण महासभा (पंजी.) द्वारा शताब्दी समारोह के प्रथम चरण में ष्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासम्मेलन दिनांक 09 जनवरी 2022 को प्रातः 10 बजे से दिल्ली स्थित दिल्ली–कर्नाटक संघ सभागार, राव तुलाराम मार्ग, मोतीबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सम्पन्न होगा। आज यहाँ उक्त जानकारी देते हुए शताब्दी समारोह समिति के संयोजक पं. ओ.पी. वशिष्ठ ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय ब्राह्मण महासम्मेलन में ब्राह्मण समाज की वर्तमान समस्याएं व निदान, राष्ट्रीय ब्राह्मण आयोग का गठन, संविधान की धारा 30 की उपधारा 22 के अनुसार संशोधन अथवा समाप्ति राष्ट्रीय ब्राह्मण समन्वय समितिध्प्रतिनिधि सभा की स्थापना व श्री परशुराम राष्ट्रीय वेद विद्यायल एवं शास्त्र अनुसंधान संस्थान की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श व प्रस्ताव पारित होंगे। वशिष्ठ ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.डी.शर्मा जी करेंगे।